समीक्षा बैठक | बोले- विस प्रश्नों के उत्तर पूर्ण प्रामाणिकता के साथ समय-सीमा में भेजे

# जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन कार्यों दें प्राथमिकता : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** विधानसभा प्रश्नों के उत्तर पूर्ण प्रामाणिकता के साथ समय-सीमा में प्रेषित किया जाए, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और अमृत-2.0 के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। यह बातें निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा जल संरक्षण, नगरीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण को लेकरें समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने शासकीय योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन, विधानसभा सत्र के दृष्टिगत लंबित प्रश्नों के उत्तरों की तैयारी और जनहितैषी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई।

बैठक में जल संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कैच द रेन अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्षा जल के संचयन हेतु सभी शासकीय भवनों में निर्धारित अवसंरचनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

और शहरों के सौंदर्यीकरण के दृष्टिगत उद्यान विकास कार्यों को बैठक में गति देने हेतु निर्देशित किया गया।

शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित जलापूर्ति और सीवरेज परियोजनाओं की भी निगमायुक्त द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अमृत-2 के द्वितीय चरण के कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने निर्माण कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित तकनीकी अधिकारियों को दिए।

### शिथिलता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज आम नागरिकों की शिकायतों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों का निराकरण आवेदक की संतुष्टि के साथ होना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# बारिश के साथ लौटा भुट्टे का स्वाद, ठेलों पर उमड़ रही भीड़

▶ स्वीट कॉर्न 30 और देशी भुट्टा 20 रुपये में बिक रहा, डिजिटल भुगतान से खरीदारी आसान

**नवभारत, जबलपुर।** मानसून की फुहारों के साथ शहर में भुट्टे का स्वाद एक बार फिर लोगों की पहली पसंद बन गया है। बारिश शुरू होते ही प्रमुख चौराहों, बाजारों और सड़क किनारे भुट्टे के ठेले सज गए हैं, जहां शाम ढलते ही खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है।

### अंगारों में भुने हुए भुट्टों की बढ़ी मांग

ठेला संचालकों के अनुसार बारिश के मौसम में सबसे अधिक मांग भुने हुए भुट्टे की रहती है। अंगारों पर सेंके गए भुट्टे पर नींबू, नमक और मसाला लगाकर परोसा जा रहा है, जिसका स्वाद लोगों को खूब लुभा रहा है। इन दिनों स्वीट कॉर्न भुट्टा 30 रुपये और देशी भुट्टा 20 रुपये में बिक रहा है।

### ठेला कारोबार हुआ डिजिटल

बदलते दौर के साथ ठेला कारोबार भी डिजिटल हो गया है। अधिकांश विक्रेताओं ने यूपीआई भुगतान की सुविधा शुरू कर दी है, जिससे नकदी के बिना भी ग्राहक आसानी से खरीदारी कर रहे हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में शाम के समय भुट्टे के ठेलों पर परिवार, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बारिश, ठंडी हवाओं और गर्मागर्म भुट्टे का यह कॉम्बिनेशन शहरवासियों के लिए मानसून का खास आनंद बन गया है।

▶ एक नजर में ◀

## रमेश विश्वकर्मा को चुना गया अध्यक्ष



**नवभारत, जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा महासंगठन जबलपुर द्वारा सर्वसम्मति से रमेश विश्वकर्मा को एक बार फिर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रमेश विश्वकर्मा के पिछले कार्यकाल में समाज के कल्याण के लिए किए गए बेहतर कार्यों को देखते हुए पदाधिकारियों ने उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि उनके नेतृत्व में समाज का उत्थान और कल्याण हो सके। उनकी इस नियुक्ति पर श्री विश्वकर्मा महासंगठन के सभी पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से बदली तस्वीर

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय योजना से मिला समय पर आर्थिक सहयोग किस तरह किसी छोटे कारोबार को नई ऊंचाई दे सकता है, इसकी मिसाल गोहलपुर निवासी अभिषेक कुमार भावे हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत मिले 2 लाख के ऋण की मदद से उन्होंने अपने कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान का विस्तार किया। यही संस्थान हर साल सैकड़ों युवाओं को रोजगारपरक डिजिटल प्रशिक्षण देकर उन्हें नौकरी और स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहा है। 34 वर्षीय अभिषेक कुमार भावे लंबे समय से आईटी सर्विसेज और कंप्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनका उद्देश्य युवाओं को सिर्फ कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे डिजिटल कौशल से लैस करना है, जिससे वे रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें। संस्थान के विस्तार और आधुनिक संसाधनों की जरूरत को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत आवेदन किया। आवेदन स्वीकृत होने पर उन्हें भारतीय स्टेट बैंक की सिविल लाईन शाखा से 2 लाख का ऋण मिला। ऋण राशि से उन्होंने नए कंप्यूटर, प्रशिक्षण उपकरण और अन्य आधुनिक संसाधन खरीदे। इसके बादसंस्थान में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण शुरू हुआ, जिससे विद्यार्थियों का भरोसा बढ़ा और प्रवेश लेने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ। संस्थान के विस्तार के साथ कारोबार को भी नई गति मिली। वर्तमान में संस्थान का वार्षिक टर्नओवर करीब 15 लाख तक पहुंच गया है।

अभिषेक बताते हैं कि समय पर मिली वित्तीय सहायता ने उनके व्यवसाय को मजबूती देने के साथ उसे नई पहचान भी दिलाई। वर्तमान में उनके संस्थान में प्रतिवर्ष सैकड़ों विद्यार्थी कंप्यूटर शिक्षा, टैली, एडवांस एक्सेल सहित अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से कई युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है, जबकि कई ने स्वयं का रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भरता की राह चुनी है ।



## तुलसी पौधों का हुआ नि :शुल्क वितरण


**नवभारत, जबलपुर।** बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी द्वारा 6 जुलाई को श्यामा और रामा तुलसी के पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया। यह वितरण साल 1984 से लगातार किया जा रहा है। जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा अब तक 1 लाख 10 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है और यह सेवा कार्य लगातार जारी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में हुए इस वितरण कार्यक्रम के अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, शीर्ष अग्रवाल, एड. स्पर्श अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, शह-संकीर्तचार्य श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मनोज गुलाबवानी और संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# विवादित व निजी भूमि पर निर्माण रोकने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से विवादित व निजी भूमियों पर सरकारी पैसे से होने वाले निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की मांग की है। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि निजी भूमि व विवादित भूमि निर्माण अधिनियम कानून बनाकर इस गड़बड़ी को नहीं रोका गया, तो वे सभी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों को साथ लेकर जनआंदोलन करेंगे और उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। नियमानुसार कोर्ट में मामला लंबित रहने या फैसला आने तक ऐसी जमीनों पर सरकारी खर्च से निर्माण करना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप

इस दौरान मंच के संयोजक विजय कांडा ने कहा कि केवल झूठी वाही-वाही लूटने के लिए अधिकारी और जनप्रतिनिधि बिना स्वामित्व पत्र या दस्तावेजों की जांच किए निजी और विवादित जमीनों पर निर्माण कार्य करा रहे हैं, जो उच्च न्यायालय के आदेशों की खुली अवहेलना है। जांच और पंजीयन के बिना ही सांसद, विधायक, पार्षद मद और विभिन्न सरकारी संस्थाओं के पैसों से ऐसी जगहों पर तालाब, बाउंड्री वॉल, सड़क, सामुदायिक भवन, धार्मिक स्थल और नालियों का निर्माण कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर विजय कांडा, राजेंद्र चौधरी, रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, पिंकी ठाकुर, नरेश चिंटू राजपूत, आशीष यादव, राजेश पटेल, धीरज सिंह, कृष्णा साहू, संजीव भाई, शशांक यादव, सुरेश हिरसकर, जी.एस. राजपूत, अशोक सिंह जादौन और नदीम अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने जनहित में इस कानून को बनाने की अपील की है।



## चार खंबा में विशाल लंगर-ए-आम आज

**नवभारत, जबलपुर।** मदनी मिल्लत समिति के तत्वाधान और वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी के नेतृत्व में हर साल की तरह इस वर्ष भी चार खंबा में आज 7 जुलाई को मग़रिब की नमाज़ के बाद विशाल लंगर-ए-आम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आसिफ इकबाल ने बताया कि इस धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में हर साल बड़ी संख्या में जायरीन और श्रद्धालु जुटते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी कुतुबुद्दीन, मोहम्मद शोएब, अफरोज सहित सभी सदस्यों ने क्षेत्रवासियों और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लंगर-ए-आम का लाभ उठाने की अपील की है।

# पशु चिकित्सा कॉलेज में नि :शुल्क शिविर, 137 श्वानों का हुआ मुफ्त टीकाकरण

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के आदेशानुसार और पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, साउथ सिविल लाइंस की अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश के निर्देशन में विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर 6 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 137 श्वानों का एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 6 श्वानों



और 2 बिल्लियों का नेत्र परीक्षण, 2 श्वानों का एलर्जी परीक्षण तथा 5 मादा श्वानों की गर्भ जांच की गई। शिविर में मुख्य रूप से देशी नस्ल, जर्मन शेफर्ड, पोमेरेनियन, रिट्रीवर सहित विभिन्न नस्लों के श्वानों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### बीमारियों से बचाव के लिए दिया गया व्याख्यान

इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए डॉ. भावना गुप्ता द्वारा 'जूनोटिक बीमारियाँ एवं उनसे बचाव' विषय पर एक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने जूनोटिक रोगों के संक्रमण के स्त्रोत, उनके मानव व पशु स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता और सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रणवीर सिंह जाटव तथा सह-संयोजन डॉ. ब्रजेश सिंह द्वारा किया गया। एंटी-रेबीज टीकाकरण डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं डॉ. अमिता तिवारी द्वारा कराया गया। इस दौरान डॉ. जी. के. मिश्रा, डॉ. अभिषेक बिसेन, डॉ. बबीता दास, डॉ. अपूर्वा मिश्रा, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. अपर्णा रायकवार तथा डॉ. शिल्पा गजभिए सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, चिकित्सक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 का इनोवेशन हैक फेस्ट आज




**नवभारत, जबलपुर।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 के इनोवेशन हैक फेस्ट का आयोजन आज 7 जुलाई को सुबह 9.30 बजे बत्रा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के नवाचार, तकनीकी प्रतिभा और समर्पण को मंच देना है ताकि उनकी रचनात्मक क्षमताएं सबके सामने आ सकें।

### विद्यार्थियों के नवाचार और कौशल को मिलेगा मंच

आर्मी पब्लिक स्कूल परिवार के प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस शानदार अवसर पर सभी को आमंत्रित करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को विद्यार्थियों की बहुमुखी विशेषज्ञता से जुड़ने, उनकी रचनात्मकता का अनुभव करने और उत्साहवर्धन करने का अवसर मिलेगा। 'इनोवेट, कोलैबोरेट, इंस्पायर' के मूल मंत्र के साथ इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूल प्रशासन ने सभी गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों से इस शुभ अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर छात्रों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया है।

# फायर एनओसी की प्रक्रिया को सरल किया जायेगा

▶ फेडरेशन की नगरीय विकास आयुक्त के साथ बैठक

**नवभारत,जबलपुर ।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष हिमांशु खरे के नेतृत्व में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत एस भोंडवे से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त को उद्योगों को फायर एनओसी से छूट देने एवं संपत्ति कर की नीति के युक्तिकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए निवेदन किया। आयुक्त



ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही फायर एक्ट के पास होने पर नियमों के निर्धारण के लिए फेडरेशन के प्रतिनिधियों को विस्तृत चर्चा के लिए बुलाया जायेगा। एक्ट के तहत नगर निगम सीमा के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को फायर एक्ट के बाहर रखे जाने का प्रावधान किया जाना है। प्रतिनिधि मंडल को आयुक्त ने आश्वासन दिया कि निगम सीमा के बाहर के उद्योगों के नक्शा स्वीकृति एवं फायर एक्ट के तहत स्वीकृति के लिए कार्यवाही को पूरी तरह से पारदर्शी एवं डिजिटलाईज कर अधिकतम 4 स्टेप्स में फायर एनओसी प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में संपति कर के विषय पर आयुक्त ने कहा कि विभाग प्रयास कर रहा है कि उद्योग पहले से ही लीज रेंट, मेंटेनेंस शुल्क एवं अन्य विकास शुल्क का भुगतान करते हैं। फेडेरेशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हिमांशु खरे, संयुक्त अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार पोरवाल, डॉ आर एस गोस्वामी, अशोक आनंद, प्रवीण आचार्य, डॉ सुरेन्द्र सिंह एवं राजेश हिरवे शामिल थे।

# पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय संगोष्ठी आज से

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में महाकौशल प्रांत, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और श्री राम कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आज 7 जुलाई और 8 जुलाई को 'पर्यावरण संरक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हाइब्रिड मोड में आयोजन किया जा रहा है। जबलपुर में होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित पर्यावरणीय चिंतन, प्रकृति के प्रति ज़िम्मेदारी और सतत विकास के भारतीय दृष्टिकोण को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविद, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल होंगे। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

### संस्कृति से मिलेगा पर्यावरण संकट का समाधान

इस मौके पर न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन का मूल दर्शन है। वर्तमान वैश्विक पर्यावरण संकट का समाधान हमारी संस्कृति, शास्त्रों और पारंपरिक ज्ञान में ही छिपा है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संजय स्वामी ने बताया कि संगोष्ठी में प्राकृतिक कृषि, जल संरक्षण, जैव विविधता, पंचमहाभूत और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान और तकनीकी सत्र होंगे। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. अजय तिवारी ने कहा कि इससे नई पीढ़ी भारतीय चिंतन और पर्यावरणीय मूल्यों से जुड़ सकेगी। प्रांत अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुरारिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को माता माना गया है और यह आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाएगा। आयोजन समिति के प्रो. राजेश वर्मा और प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित श्री राम ग्रुप के संचालक आर. के. कारसोलिया, रामेन्द्र कारसोलिया, राजुल कारसोलिया, सोनम कारसोलिया और प्राचार्य ने सभी नागरिकों, शिक्षकों और छात्रों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

सम्मान | कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्मृति-चिह्न भेंट कर की सराहना

# विश्व योग दिवस के सफल आयोजन पर संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहे विश्व योग दिवस-2026 के सफल आयोजन में निभाई गई अहम भूमिका के लिए संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्य, कुशल प्रबंधन और प्रभावी समन्वय की सराहना की।

### योग दिवस की तैयारियों में अहम भूमिका

गौरतलब है की 21 जून को भारत की महामहिम राष्ट्रपति के जबलपुर आगमन के अवसर पर आयोजित विश्व योग दिवस कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण आयोजन था। उस समय घनश्याम सोनी जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। कार्यक्रम की तैयारियों से लेकर विभिन्न विभागों के समन्वय और व्यवस्थाओं के सफल संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके परिणामस्वरूप यह आयोजन गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### ये रहे उपस्थित

सम्मान समारोह में अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्बे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला प्रशासन ने की प्रशंसा

इस अवसर पर जिला प्रशासन ने संयुक्त संचालक सोनी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की उनकी नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक दक्षता और बेहतर समन्वय के कारण विश्व योग दिवस का आयोजन जबलपुर के लिए एक यादगार उपलब्धि बन सका।

# दूसरों से काम कराने पर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

बिजली कंपनी का सख्त आदेश

नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों की अब खैर नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने लाइन और सबस्टेशन से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि जिस पैनलबद्ध ठेकेदार के नाम पर परचेज ऑर्डर जारी किया गया है, वही संबंधित कार्य करेगा। किसी भी स्थिति में वह कार्य किसी अन्य ठेकेदार, एजेंसी या व्यक्ति को नहीं सौंपा जा सकेगा। कंपनी के संज्ञान में आया था कि कुछ स्थानों पर परचेज ऑर्डर एक ठेकेदार के नाम पर जारी होने के बावजूद काम किसी अन्य व्यक्ति या ठेकेदार से कराया जा रहा था, जिसके बाद कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी है।

### लापरवाही करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

जारी निर्देशों के अनुसार संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य केवल अधिकृत ठेकेदार द्वारा ही किया जाए। इसके लिए नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण भी किया जाएगा। यदि जांच के दौरान यह पाया जाता है कि कार्य किसी अन्य व्यक्ति या ठेकेदार से कराया जा रहा है, तो संबंधित अधिकारी और ठेकेदार दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ठेकेदार का परचेज ऑर्डर निरस्त किया जा सकता है, उसे भविष्य के कार्यों से रोका जा सकता है, सुरक्षा राशि ज़ब्त की जा सकती है तथा आवश्यकता होने पर सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। कंपनी ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।